# आकाशवाणी, गोरखपुर

**दिनांक–23 अप्रैल 2025** **सान्ध्य समाचार**

गृह मंत्री अमित शाह आज जम्मू कश्मीर के अनंतनाग जिले के पहलगाम के बैसरन वन क्षेत्र में कल हुए आतंकी हमले वाली जगह पर पहुंचे। इस हमले में दो स्थानीय लोग और प्रदेश के कानपुर जिले के युवक समेत करीब छब्बीस पर्यटक मारे गये, जबकि कई पर्यटक घायल हैं।

गृह मंत्री ने अनंतनाग मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंच कर घायल लोगों की स्वास्थ्य स्थिति के बारे में जानकारी भी ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी इस दुर्घटना के बाद अपनी सऊदी अरब यात्रा रोक दी और आज नई दिल्ली पहुंच कर मौजूदा हालात को लेकर बैठक की। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आतंकी हमले में मारे गये कानपुर के युवक शुभम द्विवेदी के पिता संजय द्विवेदी से फोन पर बात की। यह जानकारी देते हुए एक सोशल मीडिया पोस्ट के जरिये मुख्यमंत्री ने कहा कि संबंधित अधिकारियों को पार्थिव शरीर को ससम्मान कानपुर पहुंचाने का निर्देश दिया गया है। दुःख की इस घड़ी में प्रदेश सरकार पूरी प्रतिबद्धता से परिवार के साथ खड़ी है। प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने भी आतंकी हमले में मारे गये कानपुर के युवक शुभम द्विवेदी के पैतृक आवास पहुंच कर उनके परिवार से मुलाकात की।

**********

पहलगाम में हुए आंतकी हमले के बाद से प्रदेश में भी हाई अलर्ट है। राज्य के धार्मिक स्थलों और पर्यटन स्थलों पर अतिरिक्त सर्तकता बरतने का निर्देश दिया गया है। आंतकी घटना के बाद से पूरा देश आक्रोशित हैं। प्रदेश भर में विभिन्न संगठनों के द्वारा प्रदर्शन कर कठोर कार्रवाई की मांग की जा रही है।

इसी क्रम में आज वाराणसी में विशाल भारत संस्थान एवं मुस्लिम महिला फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में आतंकवादियों के खिलाफ मुखालफत मार्च निकालकर आतंकियों का शव दाह कार्यक्रम किया गया। इस अवसर पर युवा परिषद के प्रदेश प्रमुख विवेकानंद सिंह ने कहा कि अब विश्व के नक्शे से आतंकियों को मिटाने का समय आ गया है। आतंकियों के समर्थकों को दंडित करने की जरूरत है। केन्द्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने इस घटना को कायरतापूर्ण और अत्यंत निंदनीय करार देते हुए कहा है कि सरकार इस मामले को लेकर बेहद गंभीर है और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। यह देश की एकता और शांति को चुनौती देने का प्रयास है। आजमगढ़, जौनपुर, मथुरा, लखनऊ, फर्रूखाबाद, इटावा, शाहजहांपुर, पीलीभीत, हापुड़, कानपुर और अमरोहा में भी आज प्रदर्शन और ज्ञापन के माध्यम से आंतकियों पर कठोरतम कार्रवाई की मांग की गई।

**********

पहलगाम आतंकी हमले को देखते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कल प्रस्तावित कानपुर दौरा निरस्त हो गया है। यह जानकारी विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने मीडिया से बातचीत में दी।

**कल की हुई दुर्भाग्यपूर्ण घटना पर इस देश के माननीय प्रधानमंत्री जी जो का कल कानपुर का दौरा था, उन्होंने निरस्त कर दिया है। प्रधानमंत्री कार्यालय के द्वारा सूचना दी गई है कि ऐसे अवसर पर जिसमें पूरा देश दुखी है ऐसे अवसर पर कानपुर महानगर में आकर के किसी भी प्रकार के विकास की या अन्य संबंधी गुणकान करना सर्वथा अनुचित है।**

**********

अमेरिकी उप राष्ट्रपति जेडी वेंस ने आज कड़ी सुरक्षा के बीच अपने परिवार के साथ आगरा पहुंचकर ताजमहल देखा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ नेएयरफोर्स स्टेशन पर पहुंचकर उनका स्वागत किया। दोनों नेताओं के बीच सौहार्दपूर्ण बातचीत भी हुई। जेडी वेंस ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का धन्यवाद किया और सीधे ताजमहल के लिए रवाना हो गए।

**********

प्रदेश सरकार जल्द ही इलेक्ट्रिक बसों से धार्मिक शहरों की यात्रा कराएगी। प्रस्तुत है एक रिपोर्ट

**धर्मनगरी काशी, तीर्थराज प्रयागराज, रामलला की जन्मस्थली अयोध्या और सोनभद्र का सफर इलेक्ट्रिक एसी बसों से होगा। इसे देखते हुए सरकार वाराणसी और सोनभद्र में चार्जिंग स्टेशन बनवा रही है। सरकार की इस पहल से सुगम यात्रा के साथ ही पर्यावरण को भी प्रदूषण से बचाया जा सकेगा। उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम के क्षेत्रीय प्रबंधक परशुराम पांडेय ने बताया है कि प्रयागराज रीजन और अयोध्या रीजन से वाराणसी और सोनभद्र के लिए इलेक्ट्रिक बसों का संचालन प्रस्तावित है। इसके लिए पांच चार्जिंग स्टेशन बनाये जा रहे है। समाचार कक्ष से विवेक सिंह।**

**********

प्रदेश के पूर्वी जिलों में छब्बीस अप्रैल तक मौसम शुष्क रहने और उसके बाद उन्तीस अप्रैल तक कहीं कहीं गरज चमक के साथ वर्षा होने की संभावना है। यह जानकारी मौसम विज्ञान विभाग द्वारा जारी दैनिक मौसम पूर्वानुमान बुलेटिन में दी गई है। विभाग ने छब्बीस अप्रैल तक हीट वेव और लू चलने की भी चेतावनी जारी की है। साथ ही सत्ताईस अप्रैल को तेज झोंकेदार हवा चलने व वज्रपात की आशंका जताई है। विभाग के मुताबिक अगले तीन दिनों के दौरान अधिकतम तापमान में धीरे धीरे दो डिग्री सेल्सियस के बढ़ोत्तरी की संभावना है, हांलाकि इसके बाद अधिकतम तापमान में दो से चार डिग्री सेल्सियस की गिरावट भी दर्ज की जाएगी।

**********